# समाज से ही राष्ट्र की प्रगति : मुकेश अग्रवाल

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 27 मार्च.** समाज की प्रगति से ही राष्ट्र की प्रगति का रास्ता खुलता है, इसीलिये जरूरी है कि हम सामाजिक रूप से एकजुट और संगठित हों तभी हम अपने -अपने क्षेत्रों में सफलता अर्जित कर समाज के साथ-साथ

**वैश्य महासम्मेलन की संभागीय टीम का अभिनंदन**

राष्ट्र की प्रगति में भी सहभागी होंगे। वैश्य महासम्मेलन भी इसी दिशा में कार्यरत है।

उक्त उदगार वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने होटल सेलिब्रेशन में वैश्य महासम्मेलन के संभागीय और जिले के पदाधिकारियों के सम्मान समारोह




में व्यक्त किये। मुकेश अग्रवाल ने कहा कि अब समय आ गया है कि हम सामाजिक और व्यवसायिक क्षेत्रों से राजनैतिक व प्रशासनिक क्षेत्र में भी अपनी बुलंदियों के परचम लहरायें। उन्होंने कहा वैश्य महासम्मेलन देश का सबसे बडा सामाजिक संगठन है और हम वैश्य समाज के सभी सदस्यों के साथ हर समय खडे है।

अभिनंदन समारोह के इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री अनिल जैन ने बताया कि संभाग के सभी जिलों में आगामी माह में जो प्रोग्राम मुख्य इकाई, महिला इकाई, एवं युवा इकाई द्वारा किए जाते रहेंगे। इसके लिये वैश्य महासम्मेलन के पदाधिकारी सक्रिय है। इसी क्रम में ग्वालियर जिले के सभी 66 वार्डों को लेकर विस्तार से चर्चा के बाद एडवोकेट वैश्य रोहित गुप्ता को वार्डो में वैश्य समाज को सक्रिय करने के लिए प्रोग्राम कन्वीनर बनाया गया है।

इस अवसर पर संभाग की प्रथम कार्यकारणी मीटिंग की तारीख भी फाइनल की गईमीटिंग से पहले सभी तहसीलो में नई टीम बनाई जा रही है

प्रोग्राम में संभागीय मीडिया प्रभारी विनय अग्रवाल,संभागीय अध्यक्ष जगदीश मित्तल,युवा इकाई डॉ रजनीश नीखरा, डबरा ग्रामीण अध्यक्ष रवि कुमार सोनी,ग्वालियर मुख्य इकाई अध्यक्ष अजय गोयल, अनूप अग्रवाल , कमल गोयल, मुकेश सांघी,सुनील अग्रवाल सनी, जगदीश दामले, कैलाश चंद गर्ग, राजेश जैन बंटी, सुरेंद्र अग्रवाल, महिला अध्यक्ष ज्योति बंसल, समता जैन, साधना गुप्ता, दीपिका मित्तल, साधना गोयल, युवा इकाई अध्यक्ष विवेक गुप्ता, कपिल जैन, सागर अग्रवाल, एडवोकेट रोहित गुप्ता, प्रवीण गुप्ता, प्रवीण जैन

आदि वैश्य बन्धु उपस्थित थे। संभागीय अध्यक्ष जगदीश मित्तल ने कहा कि वैश्य महासम्मेलन संभागीय स्तर पर सामाजिक सेवा कार्यो से भी लोगों को जोडेगा।

# बांसुरी की तरह मन निर्मल होना चाहिए : पंडित अग्निहोत्री

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 27 मार्च.** तानसेन नगर के समीप रमटापुरा स्थित सहयोग गार्डन में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन मथुरा वृन्दावन धाम से पधारे कथावाचक पंडित शुभम अग्निहोत्री ने भगवान श्रीकृष्ण की अनेक प्रसंगों का श्रवण कराया। भगवान श्रीकृष्ण का बंशी ( बांसुरी) से इतना अधिक लगाव क्यों था? मालूम है आप लोगों को? शायद आपको नहीं मालूम होगा। मैं बताता हूं आपको। कैसे बनती है बांसुरी? किन किन प्रक्रियायों से गुजरना पड़ता है?बंशी किसकी बनी होती है? बांस की , और जिस बांस की बंशी बनी होती है वो बांस निरन्तर वर्षात में पानी से भीगता रहता है, सर्दियों में ठंड से ठिठुरता रहता है और गर्मियों में गर्मी से झुलसता रहता है। और इस तरह न जाने कितनी



बार गर्मी, वर्षा, सर्दी आती हैं जाती हैं परन्तु वो बांस इन सबको सहन करता रहता है।

एक दिन उस बांस को काट दिया जाता है, उसके छोटे-छोटे टुकड़े कर दिए जाते हैं, उसके अंदर जो भी गंदगी भरी होती है उसको सब बाहर निकाल दिया जाता है अर्थात अन्दर से बिल्कुल खाली कर दिया जाता है। फिर उस बांस के ऊपर गर्म लोहे की सलाह से उसे जलाकर उसमें सात छिद्रों ( सूराखों) को बनाया जाता है। इतना त्याग करने के बाद और कष्ट सहन करने के बाद कहीं जाकर बांसुरी बनती है। उसके बाद उसमें सुरीले स्वर निकलते हैं।

किसी ,किसी वंशी में 8 और 11 छिद्र भी होते हैं। इतना कष्ट जिसने सहन किया हो, इतना त्याग जिसने किया हो तो फिर क्या वो गोविन्द का प्यारा नहीं होगा? यही कारण था कि गोविन्द वंशी को हमेशा अपने साथ रखते थे,कभी हाथ में, कभी अपने अधरों पर,कभी अपने कमर के फेंट में उसे खुरश लेते थे, यहां तक कि सोते समय भी वह अपने सिरहाने के पास ही वंशी को रखते थे। वंशी के विषय में यदि विस्तार में बोला जाए तो पूरे दो दिन लग जाएंगे। यदि वंशी की तरह हम सब भी अन्दर से अवगुण रूपी गंदगी को निकाल कर मन निर्मल हो जाएं तो निश्चित रूप से हम सब भी प्रभु के प्रिय हो जाएंगे ।

# सिक्योरिटी एजेंसी की शिकायत, आउटसोर्स कर्मचारियों के शोषण का आरोप

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 27 मार्च.** जिला चिकित्सालय में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों के आर्थिक शोषण का मामला गरमाता जा रहा है। मध्य प्रदेश संविदा ठेका स्वास्थ्य श्रमिक संघ (इंटक) के प्रदेश महामंत्री विश्वेश्वर गोस्वामी ने आरोप लगाया है कि सिविल सर्जन के अधीन कार्यरत एक सिक्योरिटी एजेंसी शासन के नियमों की धज्जियाँ उड़ा रही है।

**मुख्य आरोप और शिकायतें**

कलेक्टर दर से कम वेतन: वर्तमान कलेक्टर दर 11,470 रुपये के स्थान पर सपोर्ट स्टाफ

**कलेक्टर को सौपेंगे ज्ञापन**

को मात्र 10,500 रुपये और सुरक्षा व सफाई कर्मियों को 9,000 रुपये का भुगतान किया जा रहा है।

संघ का आरोप है कि एजेंसी प्रबंधन और अस्पताल के कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से यह शोषण चल रहा है। कर्मचारियों का ईपीएफ कम जमा किया जा रहा है और ईएसआई की राशि जमा ही नहीं की जा रही। किसी भी कर्मचारी को ईएसआई कार्ड वितरित नहीं किया गया है, जिससे वे स्वास्थ्य बीमा के लाभ से वंचित हैं। प्रदेश महामंत्री गोस्वामी ने बताया कि संघ जल्द ही कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर इस मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग करेगा ताकि विभाग के नियमों का उल्लंघन करने वाली एजेंसी पर कार्रवाई हो सके और आउटसोर्स कर्मियों को न्याय मिले।

## सोनी को बीजेपी ने बनाया महाराणा प्रताप मंडल का मीडिया प्रभारी



**ग्वालियर 27 मार्च.** भारतीय जनता पार्टी के महाराणा प्रताप मंडल के मंडल अध्यक्ष आशु श्रीवास के द्वारा अशोक सोनी को मंडल का मीडिया प्रभारी बनाया गया. आशु श्रीवास ने कहा कि अशोक सोनी का नाम साफ स्वच्छ छवि के रूप में जाना जाता है. सोनी ने कहा कि मंडल अध्यक्ष आशु श्रीवास के द्वारा मीडिया प्रभारी का जो दायित्व सौपा है उसकी पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे तथा समाज के हित में कार्य करेंगे.

# सड़क निर्माण के लिये किया विधायक डॉ . सिकरवार ने किया भूमिपूजन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 27 मार्च.** ग्वालियर पूर्व से कांग्रेस विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने आज वार्ड क्रमांक 60 के गुलमोहर सिटी में

**गुलमोहर सिटी में 19 लाख रूपये की लागत से होगा डामरीकरण कार्य**

सड़क डामरीकरण कार्य हेतु क्षेत्रीय पार्षद केदार बरहादिया एवं क्षेत्रीय नागरिकों के साथ भूमिपूजन किया। यह डामरीकरण सड़क निर्माण का कार्य लगभग 19 लाख रूपये की लागत से



कराया जायेगा। इस अवसर पर विधायक डॉ. सिकरवार ने क्षेत्रीय नागरिकों को संबोधित करते हुये कहा कि यह सड़क निर्माण कार्य क्षेत्र की आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने एवं नागरिकों को बेहतर आवागमन सुविधा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, आप सभी के सहयोग, विश्वास और आशीर्वाद से क्षेत्र में विकास कार्य निरंतर गति पकड़ रहे हैं। हमारा संकल्प है कि क्षेत्र की हर सड़क, हर सुविधा को बेहतर बनाकर नागरिकों को सुगम और सुरक्षित जीवन प्रदान किया जाए। भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष कांग्रेस डॉ. देवेन्द्र शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद जैन, अनिल शर्मा 'बिट्टू' आदि मौजूद रहे।

# सांतऊ धाम में श्रीमद् भागवत कथा का समापन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 27 मार्च.** सांतऊ स्थित सिद्ध क्षेत्र राजराजेश्वरी शक्तिपीठ (शीतला माता मंदिर) में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत ज्ञान महायज्ञ का शुक्रवार को 'पूर्णाहुति' और 'परीक्षित मोक्ष' के प्रसंग के साथ भव्य समापन हुआ। अंतरराष्ट्रीय कथावाचक अनमोल श्री जी ने अंतिम दिन राजा परीक्षित को तक्षक दंश और उनके परम पद प्राप्ति के मार्मिक प्रसंग का वर्णन किया। व्यासपीठ से अनमोल श्री ने कहा कि भागवत रूपी अमृत का पान करने वाला जीव मृत्यु के भय से मुक्त होकर अमर हो जाता है।

भावुक विदाई: कथा के



समापन पर ग्वालियर-चंबल संभाग से उमड़े हजारों श्रद्धालुओं की आँखें सजल हो उठीं। मुख्य यजमान ठा. कल्याण सिंह गुर्जर (मुरैना) ने सपरिवार पूर्णाहुति देकर क्षेत्र की जनता की सुख समृद्धि की कामना की। समापन अवसर पर पंडाल में भव्य फूलों की होली खेली गई, जहाँ श्रद्धालु भजनों पर झूम उठे। आयोजन समिति 'शीतला माता भक्तगण' के सफल प्रबंधन और सांतऊ की इस पावन धरा पर सात दिनों तक बही भक्ति की गंगा ने पूरे अंचल को धर्ममय कर दिया।

# कॉरिडोर को औद्योगिक के तौर पर करें विकसित : भारत सिंह

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 27 मार्च.** ग्वालियर सांसद भारत सिंह कुशवाह ने शुक्रवार को लोकसभा में शून्यकाल के दौरान 6-लेन आगरा-ग्वालियर ग्रीनफील्ड

**लोकसभा में उठाई मांग**

कॉरिडोर के दोनों ओर शासकीय भूमि पर औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित किया। कुशवाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 6-लेन आगरा-ग्वालियर राष्ट्रीय हाई स्पीड ग्रीनफील्ड कॉरिडोर की स्वीकृति दिए जाने से ग्वालियर संसदीय क्षेत्र सहित पूरे अंचल के



विकास को एक नई दिशा मिली है। यह कॉरिडोर न केवल दिल्ली और ग्वालियर के बीच की दूरी को कम करेगा, बल्कि पूरे क्षेत्र के आर्थिक परिदृश्य को बदलने की क्षमता रखता है।

उन्होंने सरकार से अनुरोध किया कि इस हाई स्पीड कॉरिडोर के दोनों ओर स्थित शासकीय भूमि पर औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जाएं, इससे न केवल स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, बल्कि यह कॉरिडोर देश के मानचित्र पर अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाने में सफल होगा।

उद्योगों की स्थापना से स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित होगा। ग्वालियर चंबल अंचल की हवाई, रेल और सडक मार्ग से बेहतर कनेक्टिविटी से क्षेत्र के विकास की असीम संभावना है। बानमोर के साथ मालनपुर और साडा औद्योगिक क्षेत्र पहले से ही औद्योगिक आधार प्रदान कर रहे हैं। नए कॉरिडोर के निर्माण से इन औद्योगिक क्षेत्रों को भी नया जीवन मिलेगा।

लॉजिस्टिक्स और कनेक्टिविटी में सुधार होने से बानमोर, साडा और मालनपुर जैसे क्षेत्रों में निवेश बढ़ेगा, जिससे ग्वालियर मध्य भारत का एक प्रमुख औद्योगिक इंजन बनकर उभरेगा।

उन्होंने कहा कि ग्वालियर अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक महत्व के लिए विश्व विख्यात है। ग्वालियर का किला और संगीत सम्राट तानसेन की जन्मस्थली और संगीत परंपरा पर्यटकों को आकर्षित करती रही है। वर्तमान में ग्वालियर-चंबल अंचल फिल्म निर्माण और शूटिंग के एक पसंदीदा केंद्र के रूप में उभर रहा है। साथ ही ग्वालियर का सफेद पत्थर (व्हाइट मिंट सैंडस्टोन) अपनी मजबूती, सुंदरता के कारण दुनिया भर में मशहूर है, जिसका निर्यात कई देशों में किया जाता हैं।

# ऊर्जा मंत्री आज करेंगे 1 .82 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 27 मार्च.** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर उप नगर ग्वालियर में मूर्तरूप लेने जा रहे 1.82 करोड़ से अधिक राशि की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का शनिवार 28 मार्च को भूमिपूजन करेंगे।

मंत्री श्री तोमर इस दिन प्रात: 11 बजे उपनगर ग्वालियर के अंतर्गत जिन विकास कार्यों का भूमिपूजन करेंगे, उनमें स्वरूप बैश के निवास से पुलिस चौकी तक 6 लाख 30 हजार 947 रुपए की लागत से निर्मित होने वाले नवीन नाला निर्माण कार्य, श्री व्हीएस तोमर के मकान से हेतराम बाथम के मकान तक 11 लाख 62 हजार 929 रुपए की लागत से बनने जा रही सीमेंट कांक्रीट रोड व नाली निर्माण कार्य, श्री मुन्ना ढोल वाली गली में 26 लाख 34 हजार 486 रुपए की लागत से सीमेंट रोड एवं नाली निर्माण कार्य, श्री जरदार खॉन के मकान के सामने स्थित पप्पू रजक वाली गली में सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण कार्य, कुशवाह मोहल्ले में श्री अनिल यादव एवं श्री छोटेलाल कुशवाह वाली गली में सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण कार्य, डुढैल वाली माता मंदिर के पास 5 लाख 09 हजार 264 रुपए की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, श्री हीरा भूमिया प्रांगण में 9 लाख 39 हजार 693 रुपए की लागत से हॉल निर्माण कार्य, श्री पंचमुखी महादेव मंदिर के पास 6 लाख 52 हजार 332 रुपए की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, जगनापुरा नं 01 श्री बल्ली यादव के मकान से श्री जॉनी राठौर के मकान तक 4 लाख 85 हजार 260 रुपए की लागत से सीमेंट कांक्रीट रोड व नाली निर्माण कार्य का, वार्ड क्रमांक 06 में 9 लाख 39 हजार 693 की लागत से सत्यनारायण के चबूतरे पर सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन शामिल हैं।

# जिले में भरपूर मात्रा में खाद का भण्डारण, वर्तमान में 20,365 मैट्रिक टन खाद उपलब्ध

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 27 मार्च.** ग्वालियर जिले में किसानों को वितरण करने के लिए भरपूर मात्रा में खाद उपलब्ध है। जिले में इस समय 20 हजार 365 मैट्रिक टन रासायनिक खाद का भण्डारण है। साथ ही जरूरत के अनुसार रेलवे रैक के माध्यम से लगातार खाद की आवक बनी रहेगी। जिले के किसानों को खाद को लेकर चिंता करने की आवश्यकता नहीं है और अफवाहों से बचें। सभी किसानों को ई-टोकन के माध्यम से पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने सरकार द्वारा खाद वितरण के लिये लागू की गई ई-विकास प्रणाली (ई-टोकन)

**ई-टोकन के माध्यम से सभी किसानों को मिलेगा खाद**

व्यवस्था का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए हैं, जिससे किसान भाई ई-टोकन लेकर खाद प्राप्त कर सकें।

उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास श्री आर.बी.एस जाटव ने बताया है कि वर्तमान समय में जिले में 7 हजार 818 मैट्रिक टन यूरिया, 6 हजार 471 मैट्रिक टन एन.पी.के, 2 हजार 230 मैट्रिक टन डी.ए.पी, 3 हजार 657 मैट्रिक टन एस.एस.पी व 189 मैट्रिक टन एम.ओ.पी का भण्डारण है। जिले के सभी खाद विक्रेताओं को सूचित कर दिया गया है कि वह किसानों को ई टोकन के माध्यम से भी खाद का वितरण करें। खाद विक्रेताओं को आगाह किया है कि जो विक्रेता इस नियम का पालन नहीं करेंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# अखिल विश्व सत्य सनातन संघ के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष भदौरिया आए ग्वालियर

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 27 मार्च.** अखिल विश्व सत्य सनातन संघ के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष उदित भदौरिया का ग्वालियर आगमन पर पुष्पमाला पहना कर भव्य स्वागत किया। उनके साथ धर्मपत्नी श्रीमती नीलम देवी भदौरिया भी उपस्थित रहीं। स्वागत पश्चात हनुमान मंदिर पर आयोजित बैठक में सनातन संस्कृति के प्रचार प्रसार की कार्य योजना तैयार कर नगर गांव तक टीम गठन कर विस्तार पर जोर दिया गया। सत्य सनातन धर्म के जयकारे लगाते कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर सनातन की



ध्वजा को देश विदेश में फहराने का संकल्प लिया। भदौरिया 29 मार्च तक भिंड का भ्रमण कर सनातन की अलख जगाएंगे। उपस्थित पदाधिकारियों में नन्दकिशोर गोस्वामी, सुरेन्द्र सिंह भदौरिया, श्याम श्रीवास्तव, अखिल विश्व सत्य सनातन संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष बलबीर सिंह परमार, अजय शर्मा, महिला विंग की श्रीमती कल्पना शर्मा इत्यादि शामिल रहे।






# माँ जगदम्बा करती हैं भक्तों का पालन व कल्याण : पं . दिनेश शास्त्री

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 27 मार्च.** अष्टभुजी देवी मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत पुराण ज्ञानगंगा अवतरण कथा के नौवें दिन सोमवार को कथा वाचक पं.दिनेश शास्त्री ने देवी स्तुति कर कथा सुनाई। उन्होंने श्रोताओं से कहा कि मां जगदंबा अपनी शरण में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति का तारण करती हैं। मां की भक्ति कभी व्यर्थ नहीं जाती, उसका प्रत्यक्ष फल मिलता है, मां जगदंबा सर्वदेव मयी हैं। भक्ति जितनी गहरी होगी प्राप्ति उतनी ही संभव व शीघ्र होगी।

उन्होंने कहा कि मां जगदंबा की उपासना से ही सभी देवों को प्रसन्न किया जा सकता है। उन्होंने मां के इस नाम का रहस्य बताते हुए देवी भागवत कथा के



रोचक प्रसंग बताते हुए कहा कि त्रिदेव ब्रह्मा, विष्णु, महेश व सभी देवों की प्रार्थना पर मां ने उन्हें अपना दर्शन दिया और महिषासुर व अन्य दैत्यों का नाश किया। पं. दिनेश शास्त्री ने कथा के प्रसंगों को विस्तार से समझाते हुए यह भी कहा कि मां हर तरह से अपने भक्तों का पालन व कल्याण करती हैं। इसलिए सच्चे मन से मां के चरणों से अनुराग कर जीवन को धन्य किया जा सकता है। अंतिम दिन की कथा श्रवण के लिए स्थानीय लोगों के सहित दूरस्थ ग्रामीण अंचलों से काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। कथा संपन्न होने के बाद सैकड़ों श्रद्धालुओं सहित आयोजक मंडल के पदाधिकारी व सदस्यों ने पं. शास्त्री से आशीर्वाद लिया। कथा की आरती में परीक्षित श्री 108 रामप्रिय दास, श्री 108 रामदास महाराज एवं सैकड़ों श्रृद्धालु उपस्थित रहे।


नवभारत

आवश्यकता है

पद की योग्यता

देश के अनेक राज्यों से प्रकाशित नवभारत समाचार पत्र समूह के **ग्वालियर** संस्करण के लिए निम्न पदों के लिए योग्य व्यक्तियों की आवश्यकता है।

मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव

2 वर्ष का अनुभव एवं स्नातक

नोट - स्वयं का वाहन एवं कंप्यूटर में दक्षता अनिवार्य

संपर्क करें

कार्यालय - नवभारत प्रेस, एस.पी ऑफिस के सामने, सिटी सेंटर, ग्वालियर

( सुबह 11 से शाम 6 बजे तक)

9479319990

navabharatgwalior@gmail.com

